प्रेषक,

महानिदेशक,
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड।
ननूरखेड़ा, देहरादून।

सेवा में,

समस्त
मुख्य शिक्षा अधिकारी
उत्तराखण्ड।

पत्रांक– म0नि0/2949-52/सक्षम प्रति0/विविध(X-40)/2019–20 दिनांक 19 जुलाई, 2019

विषय– **पेट्रोलियम उत्पादों के संरक्षण पर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए स्कूली बच्चों के लिए PCRA द्वारा आयोजित "सक्षम" राष्ट्रीय प्रतियोगिता– 2019 के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक संयुक्त निदेशक, भारत सरकार पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय शास्त्री भवन, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 27.06.2019 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि पेट्रोलियम उत्पादों का संरक्षण, और पर्यावरण संरक्षा, राष्ट्र के लिए अत्यधिक महत्व के पहलू हैं, और इस अभियान में युवा पीढ़ी को शामिल करने हेतु पेट्रोलियम संरक्षण अनुसंधान संघ (पी0सी0आर0ए0) निरंतर प्रयासरत है। विगत वर्षों में भी पी0सी0आर0ए0 स्कूली बच्चों के लिए सक्षम राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित करता रहा है। वर्ष 2019 में इस प्रतियोगिता में भागीदारी का आंकड़ा 1 करोड़ से अधिक करने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। इस वर्ष 01 जुलाई 2019, से दो श्रेणियों में एक राष्ट्रव्यापी पेंटिग प्रतियोगिता, 23 भाषाओं में निबंध प्रतियोगिता और एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शुरू की जा रही है। उपरोक्त प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए स्कूलों के लिए एक वेब पोर्टल और एक मोबाईल एप भी विकसित की गयी है। इस प्रतियोगिता के आयोजन के लिए विस्तृत दिशा निर्देश पोर्टल पर **www.pcracompetitions.org** उपलब्ध है। इस विषय पर किसी भी अन्य जानकारी के लिए पी0सी0आर0ए0 की हेल्पडेस्क फोन 011–26715360 एवं ई–मेल **contact@pcracompetitions.org** पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

जनपद के प्रत्येक विद्यालय का नामांकन अनिवार्यतः कराने एवं प्रत्येक विद्यालय में उक्तवत् प्रतियोगिता का आयोजन सुनिश्चित कराने तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सूची वेबपोर्टल **www.pcracompetitions.org** पर अपलोड करते हुए, आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये गये हैं।

अतः उक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने के निर्देश हुए हैं कि निर्देशित पी0सी0आर0ए0 द्वारा आयोजित **"सक्षम"** राष्ट्रीय प्रतियोगिता–2019 में विद्यार्थियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीया,

(बन्दना गर्ब्याल)
अपर निदेशक
महानिदेशक
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड

पृष्ठांकन संख्या– म0नि0/ /सक्षम प्रति0/विविध(X-40)/2019–20 तद्दिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड।
2. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड।
3. MIS प्रभारी – Site में डाल दें।

(बन्दना गर्ब्याल)
अपर निदेशक
महानिदेशक
विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड